भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2530
दिनांक 10 अगस्त 2026

जगदीशपुर हल्दिया-बोकारो धामरा पाइपलाइन की वर्तमान स्थिति

2530 **श्री देबाशीष सामंतरायः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा राज्य में जगदीशपुर हल्दिया-बोकारो धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना) की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कटक तथा आसपास के जिलों तक पाइपलाइन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में क्या प्रगति हुई है;

(ग) यदि कोई विलंब हुआ है, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) परियोजना के पूर्ण होने तथा चालू किए जाने की संभावित तिथि क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): गेल इंडिया लिमिटेड (गेल), जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना को क्रियान्वित कर रही है, जिसे प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के नाम से जाना जाता है। ओडिशा राज्य में जेएचबीडीपीएल परियोजना के पूरे पाइपलाइन खंड प्रचालित हैं। कटक के लिए पाइपलाइन कनेक्टिविटी धामरा-अंगुल पाइपलाइन की स्पर लाइन के माध्यम से प्रदान की गई है, जिसे दिनांक 31.03.2023 को कमीशन किया गया था।

*****